दिन– सोमवार | दिनांक– 02 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस से डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और कृत्रिम मेधा जैसे खतरों से उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने का आह्वान किया।

02. बिहार शिक्षा परियोजना ने छात्रों के अपार कार्ड निर्माण में लापरवाही बरतने के आरोप में छब्बीस जिला शिक्षा पदाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण।

03. चौथे चरण के पैक्स चुनाव में अंठावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया इस्तेमाल। मतगणना जारी।

04. और, देश में अक्टूबर महीने में यूपीआई से सोलह अरब अंठावन करोड़ रूपये का वित्तीय लेन–देन हुआ।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस से डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और कृत्रिम मेधा जैसे खतरों से उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने का आह्वान किया है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि वह कृत्रिम मेधा और आकांक्षी भारत में देश की ताकत का अधिक से अधिक इस्तेमाल करे। श्री मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के तीन दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन समारोह में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पुलिस से रणनीतिक, सतर्क, अनुकूलनीय, विश्वसनीय और पारदर्शी बनकर स्मार्ट पुलिसिंग का मंत्र अपनाने का आह्वान किया। एक रिपोर्ट––

––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने पटना, बक्सर, गया, मधुबनी, बेगूसराय और मधेपुरा समेत पच्चीस जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को छात्र–छात्राओं के अपार कार्ड बनाने में लापरवाही को लेकर नोटिस भेजा है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक योगेन्द्र सिंह की ओर से भेजे गए नोटिस में तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। परिषद ने कहा है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में अबतक मात्र पांच दशमलव पांच– चार प्रतिशत

छात्र–छात्राओं के ही अपार कार्ड बने हैं। शिक्षा विभाग ने सोलह नवम्बर से विशेष अभियान चलाकर अपार आईडी बनाने का निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिया था। इसके नोडल अधिकारी डीईओ ही बनाए गये हैं।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने पांच दिसम्बर को बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर पटना में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिसका दूरभाष नम्बर– शून्य – छह – एक – दो –– दो– दो– एक– पांच– छह– एक– एक है। आयोग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार लोग चुनाव से जुड़ी कोई भी जानकारी नियंत्रण कक्ष के साथ साझा कर सकते हैं।

————————————————————————————————

प्रदेश में  चौथे चरण के पैक्स चुनाव में कल अंठावन दशमलव तीन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चौथे चरण में अट्ठाईस जिलों के चौरानवे प्रखंडों के नौ सौ अठहत्तर पैक्स के लिए चुनाव हुए। इन पैक्सों में मतगणना आज हो रही है। इस चरण के तहत एक सौ तेईस पैक्स की प्रबंध कार्यकारणी का चुनाव निर्विरोध हो गया है, जबकि कोरम के अभाव में अठारह पैक्सों के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं।

————————————————————————————————

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आज पटना में फुड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान करेंगे। इस मौके पर राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। इधर, श्री मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सम्मेलन में निवेशकों को बिहार में उद्योगों के लिए दी जा रही सरकारी सहूलियत के संबंध में जानकारी दी जाएगी और उनसे राय भी ली जाएगी।

————————————————————————————————

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि वायु प्रदूषण और इसके कुप्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने पटना में प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण की समीक्षा के लिए

आयोजित बैठक में कहा कि वायु प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरनाक है और इस पर नियंत्रण करने की पहल सरकार की प्राथमिकताओं में है।

————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में बारह सौ से अधिक एक्सरे टेक्नीशियन की बहाली की जायेगी। उन्होंने कहा कि इनकी नियुक्ति की अधिसूचना भेजी जा चुकी है और बहाली की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इससे रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार होगा।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा दो हजार चौबीस द्वितीय के तहत सात विषयों के लिए आयोजित पुर्नपरीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें कक्षा नौवीं और दसवीं तथा ग्यारहवीं और बारहवीं के शिक्षकों का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षार्थी बिहार बोर्ड की वेबसाईट पर परिणाम देख सकते हैं।

————————————————————————————

गंभीर बीमारी या अन्य विशेष कारणों से शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अभ्यर्थी पंद्रह दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए शिक्षा विभाग का ई–शिक्षा कोष पोर्टल शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के तबादले के लिए सात विशेष आधार तय किये हैं। इसमें असाध्य रोग, गंभीर बीमारी, दिव्यांगता, विधवा एवं परित्यक्ता आदि शामिल हैं।

————————————————————————————

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस– यूपीआई से देश में इस वर्ष अक्तूबर में सोलह अरब अंठावन करोड़ वित्तीय लेनदेन हुआ है। केवल एक महीने में यूपीआई से इस लेनदेन में लगभग तेईस लाख उनचास हजार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया। पिछले वर्ष अक्तूबर की तुलना में यह पैंतालीस प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

यूपीआई को 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लांच किया गया था। यूपीआई ने केवल वित्तीय लेनदेन को तेज सुरक्षित और सहज बनाया है, बल्कि व्यक्तियों, छोटे व्यवसाय और व्यापारियों को भी सशक्त बनाया है। इसके चलते देश कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। प्रमुख बाजारों सहित संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस में यूपीआई के चालू होने से भारत के भुगतान इंटरफेस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गति मिली है अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————

वस्तु और सेवा कर—जीएसटी का सकल संग्रह इस वर्ष नवंबर में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में साढे आठ प्रतिशत बढ़कर एक लाख बयासी हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह पिछले साल नवंबर में एक लाख अड़सठ हजार करोड़ रुपये था। अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत बढ़कर एक लाख सत्तासी हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया था। जीएसटी संग्रह में यह बढोतरी घरेलू बिक्री में वृद्धि और नियमों के बेहतर अनुपालन से हुई है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों  राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को सम्मानित किया। फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को पराजित किया था। श्री कुमार ने खेल विभाग द्वारा पटना के बापू टावर में आयोजित समारोह में भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रत्येक खिलाड़ी और मुख्य कोच हरेन्द्र सिंह को दस—दस लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ सदस्यों को पांच—पांच लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। टूर्नामेंट के आयोजक को भी सम्मानित किया गया। समारोह में टूर्नामेंट पर बनी चार मिनट की लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सम्मान ग्रहण करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि बिहार सरकार की पहल से टीम इंडिया का हौसला बढ़ा है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

———————————————————————————

नशामुक्त बिहार अभियान के तहत पटना में आयोजित मैराथन के पुरूष और महिला वर्ग का खिताब ईथोपिया के धावकों के नाम रहा। पुरूष वर्ग में इथोपियों के निगुसे केवेडे गुरूमूसा और महिला वर्ग में सिनेत कैफलेने लेर्साग ने मैराथन जीत लिया। वहीं, इक्कीस किलोमीटर के हॉफ मैराथन के पुरूष वर्ग में ईथोपिया के अबेबे योसेफ गेथॉन और महिला वर्ग में बिहार की अंजलि कुमारी विजेता रहीं। दस किलोमीटर की दौड़ में शुभम बालियान और तामसी सिंह ने खिताब जीता। इधर,

अधिकारी वर्ग के लिए आयोजित हॉफ मैराथन में राज्य पथ निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

———————————————————————————

अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल ने कहा है कि बिहार सरकार ने शराबबंदी कर अच्छा काम किया है। उन्होंने पटना में नशामुक्त बिहार के लिए मैराथन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शराबबंदी से प्रदेश में विकास की गति तेजी हुई है और समाजिक सौहार्द बढ़ा है। उन्होंने बिहार के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग काफी मेहनती होते हैं।

———————————————————————————

राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सिडबी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश में सिडबी की चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। श्री मीणा ने प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सशक्त बनाने की कार्ययोजना के संबंध में भी उनसे चर्चा की।

———————————————————————————

पटना स्थित सीमा शुल्क आयुक्तालय के क्षेत्राधीन वाल्मीकिनगर सीमा शुल्क स्थल, एलसीएस से विभिन्न प्रकार के रेडिमेड कपड़ों का निर्यात शुरू हो गया है। एलसीएस की शुरूआत दो हजार तेईस में हुयी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से आयात–निर्यात प्रक्रिया बाधित थी। केंद्रीय कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने इस मामले में सीमा शुल्क आयुक्त से पिछले दिनों बातचीत की थी। इसके बाद निर्यात की प्रक्रिया शुरू हो सकी है।

———————————————————————————

प्रदेस के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट से ठण्ड में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा और कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि तीन दिनों के बाद मौसम में और बदलाव देखने को मिल सकता है।

———मौसम———

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जमीन सर्वे से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुए लिखा है – सर्वर फुल होने से ऑनलाइन दर्ज नहीं हो रहा है ब्योरा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – चैंपियन बेटियों को मिला सम्मान।

दैनिक भास्कर ने पर्यटन से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – तेईस राज्यों के चालीस आईकानिक स्थान बनेंगे पर्यटन स्थल।

प्रभात खबर लिखता है – इक्कीस किलोमीटर के हॉफ मैराथन में बिहार की अंजलि ने विदेशी धावकों को पछाड़ा।

आज अखबार की सुर्खी है – पहली बार आया एचआईवी पर सौ फीसदी कारगर टीका।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – पुलिसिंग में प्रौद्योगिकी का हो इस्तेमाल।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस से डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और कृत्रिम मेधा जैसे खतरों से उत्पन्न चुनौतियों को अवसर में बदलने का आह्वान किया।

02. बिहार शिक्षा परियोजना ने छात्रों के अपार कार्ड निर्माण में लापरवाही बरतने के आरोप में छब्बीस जिला शिक्षा पदाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण।

03. चौथे चरण के पैक्स चुनाव में अंठावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया इस्तेमाल। मतगणना जारी।

04. और, देश में अक्टूबर महीने में यूपीआई से सोलह अरब अंठावन करोड़ रूपये का वित्तीय लेन–देन हुआ।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।